तापमान

अधिकतम 39 .2 डिग्री
न्यूनतम 19 .2 डिग्री

हरिभूमि
# सोनीपत भूमि

रोहतक, शुक्रवार, 19 अप्रैल 2024



11 यूपीएससई परीक्षा पास करने वाली निशु त्यागी का सम्मान



12 सभी क्षेत्र में अव्वल है हमारी छात्राएं : डॉ. सुदेश




## खबर संक्षेप

### गांव जौली से ढाई लाख की 3 भैसें चुरा ले गए

**गोहाना।** गोहाना सदर थाने के जौली गांव में एक पशु बाड़े का ताला तोड़ दिया गया। रात के समय हुई इस वारदात में चोर ढ़ाई लाख रुपए की तीन भैंस चुरा कर ले गए। चोरी की वीडियो क्लिप में एक पिकअप गाड़ी और एक बाइक दिखाई दे रही है। देवेंद्र पुत्र राय सिंह जौली गांव ने कहा कि उसकी तीन भैंसों को चुरा लिया गया। चोरी हुई भैंसों की कीमत अढ़ाई लाख रुपए बताई गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### उद्‌घोषित आरोपी काबू अदालत में पेश

**सोनीपत।** महिला थाना पुलिस ने दहेज के मामले में आरोपित उद्‌घोषित आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित सुनील निवासी आसन का है। जांच अधिकारी सिपाही पूनम ने बताया कि वर्ष 2017 में महिला सोनीपत में दर्ज मामले में आरोपित को अदालत ने वर्ष 2022 को फरार अपराधी घोषित किया था। मामले में कर्रवाई करते हुए सिपाही पूनम की टीम ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

### स्कूटी, मोबाइल फोन व नकदी उड़ा ले गए चोर

**गोहाना।** एक दुकान का ताला तोड़ कर दो चोर दुकान के अंदर से एक स्कूटी, एक मोबाइल फोन के साथ कैश भी चुरा कर ले गए। पानीपत रोड पर पेट्रोलपंप के सामने संजय पाइप एंड मशीनरी स्टोर है। इस शॉप के ऊपर सुनीता रोहिल्ला पत्नी रमेश रोहिल्ला रहती है। उसने पुलिस को दिए बयान में कहा कि सुबह के 5:40 बजे दो चोरों ने दुकान का ताला तोड़ा। चोर दुकान के अंदर से एक्टिवा स्कूटी, एक मोबाइल फोन और कैश चोरी कर ले गए। एक्टिवा में उसकी आर.सी. और दूसरे दस्तावेज थे।

### घर के बाहर से कार चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत।** सुजान सिंह पार्क माडल टाउन निवासी ईश दुआ ने बताया कि उसने अपनी गाड़ी को हर रोज की तरह घर के बाहर खड़ा कर दिया। सुबह उठाकर देखा तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर कार की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लग पाया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी एचसी टीकाराम ने बताया कि जल्द से जल्द चोर का पता लगाकर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

### मंडोरा गांव में सड़क किनारे खड़ा ट्राला चोरी

**खरखौदा।** मंडोरा गांव से एक ट्राला चोरी होने की घटना हुई है। मंडोरा निवासी सोमबीर ने बताया कि उसने ट्राला को घर के पास सड़क के किनारे खड़ा किया हुआ था। जो रात्रि के समय चोरी हो गया। सीसीटीवी की फुटेज देखने पर पता चला है कि एक व्यक्ति ट्रैक्टर के साथ ट्राला को जोड़कर ले जा रहा है। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है।

### आरटीई के तहत दाखिला 22 अप्रैल तक दिया जाना सुनिश्चित

# निजी स्कूलों में निकाला ड्रा, अभिभावकों ने लगाए आरोप

- अधिकारी ने दिया जांच का आश्वासन, सीटें खाली रहने पर प्रतीक्षा सूची में शामिल विद्यार्थियों के होंगे दाखिले

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत दाखिलों की प्रक्रिया में वीरवार को निजी स्कूलों में ड्रा निकाला गया। ड्रा में जिन विद्यार्थियों के नाम सामने आए हैं, उन्हें 22 अप्रैल तक दाखिला दिया जाना सुनिश्चित किया गया है। वहीं काफी संख्या में ऐसे विद्यार्थी भी हैं, जिन्होंने फार्म तो भर दिया था, लेकिन किन्हीं कारणों से उनके फार्म निरस्त कर दिए गए हैं। जिसके कारण ये विद्यार्थी दाखिलों के लिये ड्रा में भी शामिल नहीं हो पाए हैं।

ऐसे विद्यार्थियों के अभिभावकों ने वीरवार को खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के उपरांत अधिकारी को शिकायत भी दी गई, जिसमें निजी स्कूल संचालकों पर जानबूझ कर फार्म निरस्त करने का आरोप लगाया गया है। अभिभावकों की शिकायत पर अधिकारी ने जांच करवाने का आश्वासन दिया है। आरटीई के अंतर्गत निजी विद्यालयों में दाखिला करवाने के लिए 15 अप्रैल तक आवेदन प्रक्रिया चली थी। जिसमें सोनीपत खंड के करीब 138 विद्यालयों में 1123 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिनमें से निर्धारित 25 फीसदी सीटों पर दाखिला देने के लिए वीरवार को ड्रा निकाला गया। अभिभावकों का आरोप है कि इस नियम के तहत बेहद कम विद्यार्थियों को दाखिला दिया गया है। जबकि अधिकतर विद्यार्थियों के आवेदन ही रद्द कर दिए।



सोनीपत। शिकायत लेकर खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचें अभिभावक।

#### जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी

आरटीई के तहत निजी विद्यालयों में दाखिले के लिए वीरवार को ड्रॉ निकाला गया। जिसमें चयनित विद्यार्थियों को 22 अप्रैल तक दाखिला दिया जाना है। निजी विद्यालयों से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। कुछ अभिभावकों ने आवेदन निरस्त करने की शिकायत दी है। इसकी जांच के लिए कमेटी बनाई जाएगी जो स्कूल में जाकर संबंधित शिकायत की जांच करेगी।

**मंजू गर्ग**, खंड शिक्षा अधिकारी, सोनीपत।

#### बिना सूचना के निरस्त कर दिए आवेदन

मॉडल टाउन स्थित बीईओ कार्यालय में पहुंची अभिभावकों वैशाली, कविता, सविता, प्रियंका व अन्य ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपने बच्चों का दाखिला निजी स्कूलों में करवाने के लिए आरटीई के तहत आवेदन किया था। अब ड्रा में बच्चों का नाम ही नहीं आया। स्कूल कारण बताने को तैयार नहीं है। कुछ स्कूलों ने कहा कि सबसे नीचली कक्षा में ही दाखिला करने का प्रावधान है। अभिभावकों का आरोप है कि यह सूचना आवेदन जमा करते समय देनी चाहिए थी, ताकि वह अन्य विकल्प तलाशते। जबकि ऐसा नहीं किया गया। उन्होंने अधिकारियों से दाखिले कराने की मांग की है।

## अध्यापकों ने किया प्रदर्शन

- हिंदी माध्यम से शिक्षा नहीं देने पर विरोध जताया
- सरकारी स्कूल में पढ़ने पर देने पड़ रहे पैसे, निजी में मुफ्त

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**



सोनीपत। विरोध प्रदर्शन करते हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पदाधिकारी।

चिराग योजना और मॉडल संस्कृति स्कूलों में सिर्फ अंग्रेजी माध्यम से शिक्षा देने के विरोध में हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ (संबद्ध सर्व कर्मचारी संघ एवं स्कूल टीचर्स फैडरेशन ऑफ इंडिया) उतार आया है। संघ के पदाधिकारियों ने वीरवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पहुंचकर इस मामले में प्रदर्शन किया और जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी जितेंद्र छिक्कारा को ज्ञापन भी सौंपा। संघ के जिला प्रधान जोगिंद्र सिंह ने बताया कि मॉडल संस्कृति स्कूलों में केवल अंग्रेजी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जा रहा है। जबकि बड़े-बड़े शिक्षाविदों ने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए स्थानीय भाषा या मातृभाषा में शिक्षा देने पर जोर दिया है। इन विद्यालयों में पहली कक्षा में अनिवार्य रूप से हिंदी माध्यम के छात्रों को प्रवेश दिया जाए। क्योंकि उसे क्षेत्र/ गांव में हिंदी माध्यम का दूसरा विद्यालय भी नहीं है। प्रेस सचिव दिनेश छिक्कारा ने कहा कि मॉडल स्कूलों में ढांचागत सुविधाओं के अनुसार प्रवेश दिया जा रहा है। अर्थात कमरा कम हैं, शिक्षक कम हैं तो प्रवेश भी थोड़े छात्रों को दिया जाएगा। छात्रों को प्रवेश अनुसार ढांचागत सुविधा उपलब्ध कराई जाए और प्रवेश में आरक्षण प्रणाली खत्म की जाए। जिला सचिव नरेंद्र चहल ने कहा कि यह पहली सरकार है जो छात्रों को चिराग योजना के नाम पर निजी विद्यालयों में भेज रही है। जिनकी फीस सरकार दे रही है और अपने सरकारी मॉडल स्कूलों में पढ़ रहे छात्रों से फीस वसूल रही हैं। चिराग योजना से सरकारी स्कूलों में नामांकन घट रहा है। उन्होंने मांग की कि चिराग योजना को वापस लिया जाए।

## कारिंदे ने मालिक-बेटे पर पीटने का आरोप लगाया

- दूसरे ढाबे पर काम से जाते हुए देखकर कर डाली मारपीट

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई**

गांव नसीरपुर में ढाबा पर काम करने वाले कारिंदे ने मालिक व उसके बेटे पर बुरी तरह पीटने का आरोप लगाया है। आरोप है कि हमले में हाथ, अंगूली व अंगूठा टूट गया। उसका कसूर यह था कि वह पड़ोस के होटल पर चैनी खैनी लेने के लिए चला गया था। राई थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रोहतक के गांव भाली निवासी जगदीश (55) ने बताया कि वह नसीरपुर गांव में काला के वैष्णो ढाबा पर एक महीने से कार्य कर रहे थे। उन्हें ढाबा के एक कारिंदे बल्लू ने 15 अप्रैल की शाम को सामने वाले ढाबे से चैनी खैनी लेने के लिए भेज दिया। ढाबा मालिक के बेटे रौनक ने उसे दूसरे ढाबे पर जाते हुए देख लिया। इस पर उन्हें डंडे से बुरी तरह पीटा गया। उनका हाथ तोड़ दिया और दूसरे हाथ का एक अंगूठा व अंगूली भी टूट गई। रौनक ने उसके संवेदनशील अंग पर चोट मारी। कारिंदे बल्लू व मालिक के बेटे रौनक ने पानी हौदी में उसका मुंह डूबोया और पिटाई की। आरोप है कि रात को ढाबा मालिक काला आया और उसके वहां पड़ा रहने को लेकर पूछा और काम करने को बोला। वह नहीं उठ सका तो ढाबा मालिक ने भी उसे पीटा। इसी बीच उसका परिचित रविंद्र निवासी ग्वालिसन खेड़ी बीडी-माचिस लेने व खाना खाने आ गया। उन्होंने बचाने की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा गया। रात को उसे कमरे में गिरा दिया गया। सुबह वह उठ कर भाग निकला और नागरिक अस्पताल में पहुंचे। चिकित्सक ने उन्हें रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है

## बच्चे को स्कूल छोड़कर लौट रहे युवक की गोलियां मारकर हत्या

- बाइक सवार तीन बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

मोहाना थाना क्षेत्र के गांव मोहाना में सात माह पहले हुई हत्या की रंजिश में युवक की सात गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावरों ने युवक के चाचा पर भी गोलियां बरसाई तो उन्होंने गली में भागकर जान बचाई। युवक चाचा के साथ अपने बेटे को स्कूल में छोड़ने के बाद वापस घर लौट रहे थे। पुलिस ने युवक के चाचा के बयान पर 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या, हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

नागरिक अस्पताल में फॉरसेसिंक चिकित्सक न होने के चलते शव को महिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल खानपुर में रेफर कर दिया। जहां पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। पुलिस टीमे हमलावरों की तलाश कर रही है। गांव मोहाना निवासी रोहताश ने बताया कि वीरवार सुबह करीब आठ उनका भतीजा रवि (30) अपने करीब पांच साल के बेटे को स्कूल छोड़ने जा रहा था।

वह भी उनके साथ स्कूल की तरफ चले गए। जब वह तथा रवि बच्चे को स्कूल छोडकर घर आ रहे थे तो निमार्णाधीन मंदिर के पास पहुंचते ही बाइक पर सवार तीन युवक उनके पास पहुंचे। उन्होंने बाइक सवार गांव के ही टिंकू को पहचान लिया। इस पर तीनों ने पिस्तौल निकालकर उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। अचानक गोली चलने पर वह पास ही गली में भाग गए। इस दौरान हमलावरों ने करीब आठ राउंड गोली चलाई और सात गोली मारकर उनके भतीजे रवि की हत्या कर दी। हमलावरों ने धमकी दी कि आनंद की हत्या का बदला तुम्हारे सारे खानदान को खत्म कर लेंगे, अभी तो एक ही मारा। उसके बाद वह भाग गए। सरेआम युवक की हत्या से गांव में सनसनी फेल गई। सूचना के बाद मोहाना थाना प्रभारी अरुण कुमार और गोहाना सीआईए की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच की और पोस्टमार्टम के लिए नागरिक अस्पताल में पहुंचाया। जहां शव का एक्स-रे कराया गया। जिसके बाद शव को मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम करवाने के लिए खानपुर रेफर कर दिया। जहां शव का पोस्टमार्टम कराया जा सका। रवि गुहणा रोड स्थित बीज कंपनी में नौकरी कर परिवार का गुजर-बसर कर रहे था।



सोनीपत। वारदात स्थल पर जांच करते हुए पुलिस व एफएसएल की टीमें तथा (इनसेट में) मृतक का फाइल फोटो।

#### 13 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

रोहताश का आरोप है कि उन पर जानलेवा हमला व उनके भतीजे की हत्या का षड्यंत्र गांव के ही नवीन, सावन, दीपांशु, अनिल, आर्यन, देवेंद्र, साहिल, कृष्ण, बलबीर, काला, टोला व लवीश ने रचा है। उन्होंने टिंकू व अन्य से वारदात को अंजाम दिलवाया है। जिस पर पुलिस ने 13 नामजद समेत अन्य के खिलाफ हत्या व हत्या की कोशिश, षड्यंत्र रचने व धमकी देने का मुकदमा दर्ज कर लिया है। उनके बड़े भाई कृष्ण की मौत हो चुकी है। कृष्ण के पास बेटा रवि व दीपक है। रवि की हमलावरों ने हत्या कर दी है। उनका छोटा भतीजा दीपक गांव में 27 सितंबर, 2023 की रात को हुई आनंद की हत्या में नामजद है और जेल में बंद है। आनंद (32) गांव के वृद्धाश्रम के पास साइकिल का खेल देखने के लिए गया था। जहां उसकी छह गोलियां मारकर व चाकू से हमला कर हत्या कर दी है।

#### मौके से गोलियों के 7 खोल बरामद

मोहाना गांव में युवक की गोलियां मारकर हत्या करने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचकर एफएसएल की टीम ने वारदात स्थल से जरूरी नमूने एकत्रित किए। पुलिस ने मौके से 7 गोली के खोल बरामद किए है। मृतक के चाचा के बयान पर 13 आरोपितों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। जल्द से जल्द हत्यारोपितों को काबू कर आगामी कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

-**अरूण कुमार**, प्रभारी मोहाना थाना।

## विदाई समारोह के पहले दिन की रंगारंग शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

हिंदू कॉलेज के प्रांगण में तीन दिवसीय विदाई समारोह के पहले दिन कला संकाय की पार्टी का जोश व उमंग के साथ रंगारंग आगाज हुआ। जिसमें हिंदू कॉलेज के पूर्व छात्र अशोक कुमार (रिटायर्ड डीजीपी, उत्तरांचल और वर्तमान में वाइस चांसलर, स्पोर्टस यूनिवर्सिटी ऑफ हरियाणा, राई) ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की, सोनीपत हिंदू शैक्षिक और धर्मार्थ समिति, सोनीपत के प्रधान राजीव अग्रवाल, कोषाध्यक्ष जय कुंवर जैन, वरिष्ठ सदस्य सतीश मोहन बंसल भी मौजूद रहे। विशिष्ट अतिथि अशोक कुमार ने अपने संबोधन में छात्र-छात्राओं को सफलता के मूल सूत्र के रूप में लक्ष्य निर्धारण, लगन एवं कड़ी मेहनत पर जोर दिया। प्राचार्य एसके जावा ने अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को आशीर्वाद दिया व उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। बच्चों ने रंगारंग कार्यक्रम से सभी का मन मोह लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डा. अरुण गौड़ (भौतिकी विभाग), डा. डिंपल (रसायन विभाग), सुनील कुमार (कॉमर्स विभाग) ने निभाई। विवेक को मिस्टर फेयरवेअल, प्रीति को मिस फेयरवेल, हारून को मिस्टर टैलेंटेड, खुशी को मिस टैलेंटेड, महक को बेस्ट परफॉर्मर और गौरव को बेस्ट एंकर के खिताब से नवाजा गया। इस मौके पर उप प्राचार्य दिनेश मदान, कला संकाय के डीन डॉ. बलजीत कौशिक व कॉलेज का स्टाफ मौजूद रहा।




सोनीपत। कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्रा।

## गोली चलाकर जानलेवा हमला करने के पांच आरोपी गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरखौदा**

गोली चलाकर जानलेवा हमला करने की घटना में शामिल 5 आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों में सिसाना निवासी नरेश, विवेक, अक्षय, रोहणा निवासी अंकुश व मटिंडू निवासी सुमित के नाम हैं। बीते 15 अप्रैल को सिसाना निवासी भरपूर ने थाना खरखौदा में शिकायत दी थी कि गत दिवस 14 अप्रैल को उसके मकान के सामने गली से उसके भाई सुखपाल को पुकारने की आवाज आई। जब उसने दरवाजा खोला तो 5 युवक घर के सामने खडे थे। उनमें से एक नकाबपोश युवक था। जिसने उसके भाई सुखपाल पर जान से मारने की नियत से गोली चला दी। उसका भाई सुखपाल बाल-बाल बच गया। वह अपने भाई सुखपाल को घर के अंदर ले गया। सभी लड़के धमकी देते हुए अपने हथियार सहित मौके से भाग गए।

उन्होंने पुरानी रंजिश को रखते हुए उसके भाई को जान से मारने के इरादे से गोली चलाई है। पुलिस थाना खरखौदा के उप निरीक्षक वेदपाल व उनकी टीम ने 5 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों को न्यायालय में पेशकर न्यायालय के आदेशानुसार एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

### चीनी मिल प्रबंधन की तरफ से ऑनलाइन टोकन बुकिंग बंद

# चीनी मिल से पर्ची लेकर गन्ना डाल रहे किसान

- अब तक 27 लाख 60 हजार क्विंटल गन्ने की हो चुकी पेराई

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

दी सहकारिता चीनी मिल का पेराई सत्र अंतिम चरण में आ चुका है। मिल प्रबंधन व गन्ना उत्पादकों के बीच में हुए गन्ने के करार का लगभग 95 प्रतिशत पूरा हो चुका है। बृहस्पतिवार को गन्ना उत्पादकों के लिए मिल प्रबंधन की तरफ से गन्ने की ऑनलाइन एडवांस टोकन बुकिंग बंद कर दी है। वहीं परिसर में आकर गन्ने की पर्ची लेकर मिल में डालने के लिए कहा गया है। मिल अधिकारियों की माने तो शुक्रवार को मिल में नो केन की स्थिति पैदा हो सकती है, जिसके बाद पेराई सत्र की समाप्ति की घोषणा कर दी जायेगी। बता दें कि शहर कामी सड़क मार्ग पर स्थित दी सहकारिता चीनी मिल सोनीपत के पेराई सत्र वर्ष 2023-24 की शुरूआत नंवबर 2023 में हुई थी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए मिल प्रशासन ने 20 अप्रैल 2024 तक पेराई सत्र को समाप्त करने का लक्ष्य रखा था। इसके लिए किसानों को पिछले कई दिनों से सीधे तौर पर गन्ना विभाग से संपर्क कर बचे हुए गन्ने को मिल में डालने के निर्देश दिए किए गए थे। मौजूदा समय में मिल क्षेत्र में गन्ना भी अपेक्षाकृत काफी कम बचा हुआ है। बृहस्पतिवार को यार्ड में शाम के साढ़े चार बजे तक महज 1750 क्विंटल गन्ना ही शेष बचा हुआ था। पूरे दिन किसानों ने एडवांस ऑनलाइन टोकन बुकिंग नहीं करवाई। प्रबंधन की तरफ से ऑनलाइन बुकिंग बंद कर रखी है। प्रबंधन की तरफ से चीन मिल में आकर गन्ने की पर्ची किसानों को दी जा रही है।

#### पेराई सत्र शुक्रवार को समाप्त हो जाएगा

चीनी मिल को वर्ष 2023-24 का पेराई सत्र अंतिम चरण में पहुंच चुका है। लगभग पूरे गन्ने की पेराई की जा चुकी है। बचे हुए गन्ने को लेकर किसानों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए है। उम्मीद है कि शुक्रवार को पेराई सत्र समाप्त हो जाएगा। किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न झेलनी पड़े, इसके लिए कारगर कदम उठाए गए है। किसानों को जल्द से जल्द मिल में गन्ना पहुंचने के निर्देश दिए है।

**संजय कुमार**, एमडी, सोनीपत चीनी मिल।

#### टारगेट के करीब पहुंचा गन्ना पेराई सत्र

चीनी मिल प्रबंधन द्वारा किसानों के साथ करीब साढ़े 33 लाख क्विंटल गन्ने की बॉडिंग की गई थी। इसमें से अब तक मिल प्रशासन द्वारा 27 लाख 60 हजार क्विंटल गन्ने की पेराई का काम पूरा कर लिया है। जबकि एक लाख क्विंटल गन्ना गोहाना भेजा गया था। पिछले 24 घंटे में करीब 20 हजार 196 क्विंटल गन्ने की पेराई की गई है। सोनीपत चीनी मिल की पेराई क्षमता 22 हजार क्विंटल प्रतिदिन है। शाम के चार बजे तक मिल में 8 हजार 265 क्विंटल गन्ने की पेराई हुई। गन्ना कम होने की वजह से नो केन की स्थिति बनती नजर आ रही है।

### कारागार में 60 जवानों ने चलाया सर्च अभियान

**सोनीपत।** जिला कारागार में दो दिन पहले मोबाइल मिलने के बाद पुलिस ने तलाशी अभियान चलाया। हालांकि इस दौरान कुछ संदिग्ध नहीं मिला है। अभियान में करीब 60 जवानों ने डॉग स्क्वायड को साथ लेकर अभियान चलाया। सोमवार को सुरक्षा वार्ड के सी ब्लॉक की चक्की में मोबाइल मिला था।

सेल में आंवली निवासी अंकित, दोदवा निवासी अश्विनी, रोहतक के सुंदरपुर निवासी दीपक और फतेहपुर का संजीव पर मुकदमा दर्ज हुआ था। उसके बाद कारागार प्रबंधन व सीआईए, क्राइम यूनिट, शहर थाना, कोर्ट कांप्लेक्स चौकी पुलिस, मादक पदार्थ निरोधक दस्ता और साइबर सेल के 60 से अधिक जवानों ने डॉग स्क्वायड को साथ लेकर कारागार में गहनता से जांच की।

## पहली पायलट रिहर्सल 22 व 23 अप्रैल को

- डीसीआरयूएसटी मुरथल में होगा पीओ व एपीओ के लिए आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत**

लोकसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर 25 मई को होने वाले मतदान के लिए ड्यूटी देने वाले पीठासीन(पीओ)तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों (एपीओ) के लिए 22 व 23 अप्रैल को प्रथम पायलट रिहर्सल का आयोजन किया जाएगा। इन अधिकारियों के लिए प्रथम पायलट रिहर्सल का आयोजन दीन बंधू छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय मुरथल स्थित सभागार में प्रातः 09 बजे से दोपहर 12 बजे तथा दोपहर 01 बजे से दोपहर बाद 03 बजे तक दो शिफ्टों में कियाजाएगा। उपायुक्त डा. मनोज कुमार ने कहा कि पायलट रिहर्सल के दौरान मास्टर ट्रेनरों द्वारा सभी पीओ व एपीओ अधिकारियों को मतदान की पूरी प्रक्रिया के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाएगी कि आपको किस प्रकार मतदान प्रक्रिया के कार्य को पूरा करवाना है। मतदान के दिन भारतीय निर्वाचन आयोग के निदेर्शानुसार पोलिंग पार्टियों द्वारा भरे जाने वाले सभी फार्मों के बारे में बताया जाएगा कि यह फार्म किस प्रकार भरने है। पीओ अधिकारियों को यह भी जानकारी दी जाएगी कि ईवीएम मशीन किस प्रकार कार्य करेंगी और किन-किन बातों का ध्यान रखना है।



विशेषः विश्व पेंगुइन दिवस, 25 अप्रैल

# कुशल तैराक और गोताखोर पक्षी पेंगुइन

बच्चों के लिए पेंगुइन बहुत ही अनूठा पक्षी है। यह उड़ नहीं सकता लेकिन पानी में बहुत ही कुशलता से तैरना और गोता लगाना जानता है। इसकी चाल और अजीबो-गरीब आवाज हर किसी को लुभाती है। पेंगुइन की और कौन-सी बातें हैं, जो इस पक्षी को अनूठा बनाती हैं, जानो।

जंतु जगत

शिखर चंद जैन

पेंगुइन की गिनती दुनिया के सुंदर और अनूठे पक्षियों में होती है। इसके पंख नहीं, फ्लिपर्स होते हैं, जो कुछ-कुछ हमारे हाथों जैसे काम करते हैं। ये फ्लिपर्स कैटवॉक करने में इनकी मदद करते हैं, साथ ही शरीर का संतुलन बनाए रखते हैं। बच्चों, जानो पेंगुइन से जुड़ी और भी बातें-


**होती हैं कई प्रजातियां:** पेंगुइन की कई प्रजातियां होती हैं। हाल ही में अंटार्कटिका में एक बेहद दुर्लभ किस्म का सफेद पेंगुइन देखा गया। इस पेंगुइन को शुरू-शुरू में जीव वैज्ञानिकों ने जब देखा था तो इसे एक अजीब बत्तख का नाम दिया था। कुछ ने इन्हें मैगेलेनिक पेंगुइन का नाम दिया था।



**शानदार तैराक :** पेंगुइन पक्षी उड़ते नहीं बल्कि चलते और तैरते हैं। ये बर्फ पर पेट के बल फिसलते हुए अठखेलियां भी करते हैं। पेंगुइन पानी में तैरने से पहले हवा में ऊंची छलांग लगाते हैं। कई प्रजातियों के पेंगुइन तो हवा में 6 से 9 फीट तक की छलांग लगा सकते हैं। इससे इनके पंखों में जो हवा के बुलबुले होते हैं, वे निकल जाते हैं, पानी में तैरने की गति बढ़ जाती है। इनमें सबसे तेज तैराक गेंटुस पेंगुइन होते हैं, जो प्रति घंटे 20 मील तक तैर सकते हैं, जबकि आमतौर पर अन्य प्रजातियों के पेंगुइन की पानी में तैरने की गति 10 मील प्रति घंटे होती है।

**कुशल गोताखोरः** ज्यादातर पक्षियों में उड़ने की क्षमता होती है, क्योंकि इनकी हड्डियां खोखली होती हैं। वहीं पेंगुइन की हड्डियां ठोस और भारी होती हैं, इसलिए ये गहराई में गोता लगाने में भी सक्षम होते हैं। ऑस्ट्रेलियन अंटार्कटिक विभाग के वैज्ञानिकों ने अपने रिकॉर्ड में एंपरर प्रजाति के पेंगुइन को 1850 फीट की गहराई तक गोता लगाते हुए भी देखा है। पेंगुइन पानी के भीतर 15 से 22 मिनट तक रह सकता है।

**छिपने की कुदरती क्षमताः** पेंगुइन की पीठ पर काला रंग उनके समुद्र के भीतर छुपने में मददगार साबित होता है। जबकि सफेद पेट की वजह से इन्हें नीचे की तरफ देखना आसान होता है। काली पीठ इन्हें लेपर्ड सील जैसे शत्रुओं से बचाती है, जबकि इन्हें अपने शिकार जैसे मछली, स्क्विड, केकड़ों आदि से भी इन्हें छुपाती है। इससे इन्हें अपना शिकार करना आसान हो जाता है।





**खारा पानी पीने में सक्षमः** पेंगुइन आमतौर पर प्यास लगने पर ग्लेशियरों से पिघला हुआ बर्फीला पानी या झरनों का पानी पीना पसंद करते हैं। लेकिन ये समुद्र का खारा पानी भी आसानी से पी सकते हैं।

**रहते हैं झुंड में:** पेंगुइन कई बार दर्जनों या सैकड़ों नहीं बल्कि कभी-कभी तो हजारों की संख्या में एक साथ रहते हैं। वैज्ञानिक कई बार तो इनकी कॉलोनी या सामूहिक निवास का पता अंतरिक्ष से भी लगा लेते हैं, ऐसा इनकी काले रंग की बीट के कारण होता है। 2018 में वैज्ञानिकों ने एक द्वीप पर 1.5 मिलियन सदस्य संख्या वाली पेंगुइन की कॉलोनी का पता इसी तरह लगाया था। *

## बदलते हैं आवरण

बच्चों, जैसे सांप कुछ समय बाद अपनी केंचुली (त्वचा का आवरण) बदलता है, वैसे ही पेंगुइन का भी साल में एक बार रिनोवेशन हो जाता है। यानी उनके सारे पंख झड़कर दोबारा नए चमकदार पंख आ जाते हैं। इसमें दो से तीन हफ्ते का समय लगता है। पेंगुइन के दांत नहीं होते हैं, इसकी बजाय उनके मुंह में हमारे मसूड़े की तरह के मांसल स्पाइन होते हैं, जिनकी मदद से यह मछलियों को निगलते हैं। बच्चों, कुछ पेंगुइन प्रजातियां जो लुप्तप्राय हो चुकी हैं, वे 5 फुट से भी ज्यादा लंबाई की होती थीं। हाल ही में मिले जीवाश्म से पता चलता है कि कभी पेंगुइन सीधे खड़े होने पर 5 फुट 10 इंच लंबे इंसान के बराबर तक होते थे।





# अनोखी है किताबों की दुनिया

विश्व पुस्तक दिवस / सरस्वती रमेश

किताबों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। ये ज्ञान का भंडार होती हैं। किताबें हमें अनेकानेक विषयों की गहन जानकारी देकर हमारे ज्ञान को बढ़ाती हैं। इसलिए लोगों में पढ़ने की रुचि जगाने के लिए यूनेस्को ने 1995 में विश्व पुस्तक दिवस मनाने की घोषणा की। तब से हर साल यह 23 अप्रैल को मनाया जाता है। बच्चों, आओ जानते हैं, किताबों का हमारे जीवन में क्या महत्व है।

**किताबों का महत्व :** किताबों से मिले ज्ञान से बड़ा से बड़ा काम किया जा सकता है। किताबें पढ़ने से हमें संबंधित विषय की वृहत जानकारी मिलती है, जिससे रिसर्च और कोई नई खोज की जा सकती है। सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में नहीं, जीवन के हर क्षेत्र में किताबों से मिला ज्ञान हमारे बहुत काम आता है। डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक बनने के लिए किताबी ज्ञान की जरूरत पड़ती है। इसलिए हम सब को ज्ञान-विज्ञान से भरी किताबें जरूर पढ़नी चाहिए। साथ ही अपने दोस्तों को भी किताबें पढ़ने के लिए प्रेरित करना चाहिए।



**मिलती हैं नई जानकारियां :** किताबों की दुनिया अद्भुत और अनोखी होती है। विज्ञान, इतिहास, भूगोल के साथ अन्य विषयों की जानकारी मिलती है। किताबें पढ़ने से नई-नई जानकारियां मिलती हैं। नई तकनीक पता चलती है। किताबों में महान लोगों के अच्छे विचार पढ़कर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। किताबें पढ़कर हमें मुश्किल हालात से निकलने के रास्ते भी मिलते हैं। किताबों मे सिर्फ ज्ञान की बातें ही नहीं, किस्से-कहानियां भी होती हैं, जो हमारा मनोरंजन तो करती ही हैं, हमें अच्छी सीख भी देती हैं।

**कॉमिक्स और पत्रिकाएंः** किताबों और पत्र-पत्रिकाओं ने हमें अनेक प्रेरक नायक दिए हैं। कॉमिक्स में ऐसे कैरेक्टर दिए हैं, जो हमें साहसी बनाते हैं। ऐसे भी कैरेक्टर से हमारा परिचय हुआ, जो हमें हंसाते हैं। हंसी-हंसी में बहुत कुछ सिखा भी जाते हैं। इसी तरह बच्चों को अपने लिए निकलने वाली पत्रिकाएं पढ़कर भी बहुत कुछ सीखने-जानने का अवसर मिलता है।

**शेयर करके पढ़ें किताबें:** हम बहुत सारी किताबें एक साथ खरीदकर नहीं पढ़ सकते, इसलिए किताबें एक-दूसरे से शेयर करके पढ़ें। इससे हमें विविध विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। मिल-बैठकर पढ़ने या किताबें शेयर करके पढ़ने से सभी दोस्तों को अधिक से अधिक विषयों पर किताबें पढ़ने को मिल जाएंगी। साथ ही किताबों के किस्से-कहानियों से मिली सीख को अपने जीवन में उतारकर हम तमाम तरह की मुश्किलों से बच सकते हैं।

**सबसे अच्छी दोस्तः** किताबों को इंसान का सबसे अच्छा दोस्त कहा जाता है, क्योंकि ये हमारा ज्ञानवर्धन करके हमें पग-पग पर सही राह दिखाती हैं, सफलता का मार्ग प्रशस्त करती हैं। जिस तरह भोजन हमारे शरीर के विकास के लिए जरूरी है, उसी तरह हमारे मानसिक विकास के लिए किताबें बहुत जरूरी हैं। किताबें हमारे सोचने-समझने की क्षमता को बढ़ाती हैं। अच्छे-बुरे का भेद बताती हैं। जब हम किसी बात से परेशान हों तो ये किताबें ही होती हैं, जो तरह-तरह के किस्सों से हमारा मन बहलाती हैं। इतना ही नहीं, किताबों में हमारी परेशानियों और समस्याओं का हल भी मिलता है। तो बच्चों, इस तरह किताबें हैं ना हमारी सबसे अच्छी दोस्त! *

## जीके क्विज-100

1. हाल ही में पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली एक मात्र महिला भारतीय वेटलिफ्टर कौन हैं?
2. राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस कब मनाया जाता है?
3. पिछले दिनों भारतीय वायुसेना ने कौन-सा 10 दिवसीय मेगा युद्धाभ्यास किया?
4. हाल ही में ज्यूडिथ सुमिनवा किस अफ्रीकी देश की पहली महिला प्रधानमंत्री बनीं?
5. मध्य प्रदेश के राज्यपाल का क्या नाम है?
6. तेहरान किस देश की राजधानी है?
7. सौरमंडल का सबसे गर्म ग्रह कौन-सा है?
8. किस गैस को 'लाफिंग गैस' भी कहा जाता है?
9. पक्षियों का अध्ययन विज्ञान की किस शाखा में किया जाता है?
10. 'आईन-ए-अकबरी' पुस्तक किसने लिखी थी?



बच्चों, जीके क्विज-100 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर :** 1. आयरलैंड, 2. क्रिस्टीना पिस्जकोवा (चेक रिपब्लिक), 3. सामवेद, 4. कल्हण, 5. आर.के. शंमुखम शेट्टी, 6. 22 अप्रैल, 7. कार्ल लैंडस्टीनर, 8. विशाखापत्तनम, 9. जिनेवा (स्विट्जरलैंड), 10. एस. सोमनाथ

**जीके क्विज 99 का सही उत्तर भेजने वाले :** येणु-धमतरी, सरबजीत-करनाल, तृषा-रायपुर, कबीर-हिसार, हर्ष-भिवानी, नमिता-जांजगीर, तानिया पटेल-धमतरी, गोपाल-दुर्ग, प्रियांशु-जींद, आस्था-भोपाल, प्रिंस-जबलपुर

## हंसगुल्ले

**चिंटू :** तुम हमेशा अपनी जेब में नीबू क्यों रखते हो?
**मिंटू :** दुश्मनों के 'दांत खट्टे' करने के लिए।
-रोशनी, भोपाल

**टीचर :** मोबाइल की खोज किसने की?
**नैंसी :** सर, मेरी मम्मी ने।
**टीचर :** क्या ..!
**नैंसी :** सर, कल मेरे पापा का मोबाइल नहीं मिल रहा था, मम्मी ने ही खोजकर उनको दिया था।
-आयुष, कोंडागांव



**मम्मी :** दूध को खराब होने से बचाने के लिए क्या उपाय करना चाहिए?
**नव्या :** इसे पी लेना चाहिए।
-अदिति, रोहतक

**रोहन :** तुम्हें पता है, बूंद-बूंद से ही सागर बनता है।
**सोहन :** (होंठों पर जीभ फिराते हुए) और बूंदी-बूंदी से लड्डू।
-मनन, दुर्ग

कहानी

अंजना मनोज गर्ग

विशेषः पृथ्वी दिवस, 22 अप्रैल

भोलू अपने पापा-मम्मी के साथ शहर में बने नए पार्क में घूमने गया। वहां मजे से टहला। थक कर जब वह पार्क की हरी घास पर बैठा तो घास ने उसे डांट दिया। घास ने ही नहीं डांटा, पेड़-पौधों और यहां तक कि झील के पानी ने भी डांटा। आखिर इन सब ने भोलू को डांटा क्यों?

# भोलू का अपना घर



भोलू बहुत खुश था। उसके पापा ने उससे प्रॉमिस किया था कि कल संडे को वह उसे शहर में बना नया पार्क दिखाने ले जाएंगे। आज वह मम्मी से पैसे लेकर खूब सारी टॉफियां, चॉकलेट और चिप्स के पैकेट खरीद लाया ताकि वहां पार्क में घूम-घूम कर खा सके, फुल एंज्वॉय करे। कल सुबह पार्क में जाने के लिए उसने पूरी तैयारी कर ली। रात वह जल्दी सो गया, क्योंकि पार्क जाने के लिए सुबह-सुबह घर से जल्दी निकलना था।

अगले दिन संडे को भोलू, पापा-मम्मी के साथ पार्क में था। वहां सब कुछ बहुत ही लुभावना था। पार्क के चारों तरफ फूलों से लदे पौधे, घनी शाखाओं वाले बड़े-बड़े वृक्ष लगे हुए थे। पूरे पार्क में नरम, मुलायम घास उगी हुई थी। वहां लगे झूलों में बड़े मजे से बच्चे झूल रहे थे। पार्क में एक छोटी-सी झील भी थी, जिसमें लोग बोटिंग कर रहे थे। भोलू को वहां बहुत मजा आ रहा था।

पापा के साथ पार्क घूमते हुए भोलू ने चॉकलेट निकाली और उसे खाकर उसका खाली रैपर वहीं पौधों के नीचे डाल दिया। यह देख पापा ने उसे टोका, 'नहीं भोलू बेटा, ऐसे कचरा नहीं फैलाते। तुम इस खाली रैपर को अपनी जेब में रख लो। बाद में जहां तुम्हें डस्टबिन दिखे, उसमें डाल देना।'

'अरे पापा, यह कोई अपना घर है क्या? आप बेकार ही परेशान हो रहे हैं।' भोलू ने लापरवाही से जवाब दिया। कुछ देर बाद वह झील के पास पहुंचा, वहीं एक किनारे बैठकर उसने चटपटे नमकीन का पैकेट निकाला और खाकर उसका रैपर जमीन पर फेंक दिया। पापा ने फिर टोका तो उसने वही शब्द दोहरा दिए, 'क्या पापा, यह कोई अपना घर है क्या?' भोलू पूरे पार्क में जी भर के घूमा। उसने जहां-तहां कचरा फैला दिया। थक कर वह ज्यों ही एक जगह नरम घास पर बैठा, त्यों ही उसे जोर से कुछ चुभा। उसने देखा, घास नुकीली होकर चुभ रही है। घास गुस्से से बोली, 'तुम्हारा घर है क्या, जो यहां बैठ रहे हो?'

भोलू घबराया-सा झील की तरफ भागा। वहां बैठना चाहा तो झील का पानी गुस्साया, 'खबरदार! जो यहां बैठे, तुम्हारा घर है क्या?' भयभीत भोलू ने जब एक पेड़ के नीचे खड़ा होना चाहा तो पेड़ ने भी गुस्से में अपनी लंबी शाखाओं से उसे दूर झटक दिया और बोला, 'यहां क्यों खड़े हो, यह तुम्हारा घर है क्या? भागो यहां से।'

भोलू को महसूस हुआ जैसे पूरा पार्क, झील, पेड़-पौधे, घास सभी चिल्ला कर उससे कह रहे हैं, 'यह तुम्हारा घर है क्या? यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

तभी मम्मी भोलू के कमरे में आईं। उन्होंने देखा वह नींद में भी बड़बड़ा रहा था, 'यह तुम्हारा घर है क्या.. यह तुम्हारा घर है क्या...?'

मम्मी ने झिंझोड़ कर भोलू को जगाया, 'क्या हुआ बेटा, कोई सपना देख रहे हो क्या?'

भोलू ने उठकर अपनी मम्मी को सपने की पूरी बात बताई। उसने मम्मी से पूछा, 'पार्क में सभी पेड़-पौधे बार-बार क्यों कह रहे थे कि यह पार्क तुम्हारा घर है क्या?'

मम्मी ने डरे हुए भोलू के सिर पर प्यार से हाथ फेरा और बोलीं, 'बेटा, जब तुमने चॉकलेट और दूसरे खाली रैपर वहीं पार्क में फेंक दिए और कहा कि यह कौन-सा मेरा घर है। बस वही बात पलट कर पेड़-पौधों ने तुमसे कही, यह तुम्हारा घर है क्या? बेटा तुम पार्क इसीलिए गए थे कि वहां अच्छा लगेगा। लेकिन तुम वहां गंदगी फैला रहे थे। यह भी बोल रहे थे, क्या अपना घर है क्या? यह कौन-सी बात हुई, अपना घर साफ रखो और बाहर सब जगह गंदगी फैलाओ। बेटा क्या पृथ्वी के पेड़-पौधे और घास की हरियाली अपनी नहीं है? तुम पार्क को सार्वजनिक स्थल मानकर पराया समझ कर वहां गंदगी फैला रहे थे। इसलिए ही तो वहां पेड़-पौधों, झील, घास सबको तुम्हारे ऊपर गुस्सा आया कि जब यह पार्क तुम्हारा घर नहीं है तो तुम यहां सैर या आराम कैसे कर सकते हो?'

भोलू को मम्मी की बात बहुत अच्छी तरह समझ में आ गई थी। वह बोला, 'मम्मी, आप सही कह रही हैं। मैंने कितनी बड़ी गलती की। आज जब आप लोगों के साथ पार्क जाऊंगा, तो कचरे के लिए एक थैली भी साथ ले जाऊंगा। सारा कचरा उस थैली में भर लूंगा, पार्क में बिल्कुल भी गंदगी नहीं फैलाऊंगा। वह भी तो मेरा ही घर है ना। पार्क क्या, पूरी पृथ्वी हमारे घर जैसी है। इसे साफ-सुथरा रखना हमारी जिम्मेदारी है।'

मम्मी को इस बात की खुशी हुई कि भोलू को बात समझ में आ गई है कि पूरी पृथ्वी उसके अपने घर के समान है, उसे स्वच्छ रखना उसकी जिम्मेदारी है। *

कविता

दिनेश विजयवर्गीय



## हम सबकी हैं जान किताबें

जन-मन की पसंद किताबें
ज्ञान का भंडार किताबें।
शब्दों का संसार यह रचती
शब्दों का है मान किताबें।
जीवन में उजियारा लाती
होती ज्ञानी गुणी किताबें।
सदा मित्र-सा साथ निभाती
जीवन मुस्काती खूब किताबें।
छोड़ मोबाइल पढ़ें किताबें
देती ऐसा संदेश किताबें।
जीवन को आनंदित करती
मनोरंजन की शान किताबें।
रंग-बिरंगी चित्रों वाली
बच्चों के मन भाए किताबें।
पुस्तक मेलों में मन मुस्काती
हम सबकी है जान किताबें

## रंग भरो-148

**रंग भरो-148** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





**पलक, धमतरी**



यशिका, बिलासपुर



सुयश, बिलासपुर



लक्षित, रोहतक



कल्पित, रोहतक



भावन्या, भिलाई

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

दिव्यांशी-भिलाई, अथर्व-बिलासपुर, राजन-हिसार, नाज-दिल्ली, मनीष-अंबिकापुर, धीरज-महेंद्रगढ़, यश-बालोदा बाजार, पूनम-जींद, अमित-कांकेर, अस्मिता-कटनी, राकेश-दुर्ग, रति-धमतरी, अंकित-भोपाल, दिवाकर-करनाल, रानी-कोरिया

## रंग भरो 149



बच्चों, पृथ्वी दिवस के अवसर पर एक बच्चा पेड़ के पास बैठकर, पृथ्वी और पर्यावरण में उसके योगदान के लिए 'थैंक यू' बोल रहा है। इस प्यारी-सी तस्वीर को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक- फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

## चित्र पूरा करो

बच्चों, यहां एक अधूरा चित्र और उसके बगल में चार कटआउट्स दिए गए हैं। तुमको इन कटआउट्स को सही जगह लगाकर चित्र पूरा करना है।




उत्तर : 1.D, 2. C, 3.A, 4.B

## खबर संक्षेप

### डीघल में जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता कल

**बहादुरगढ़।** शनिवार 20 अप्रैल को डीघल गांव में जिला स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए कबड्डी विकास समिति के कोषाध्यक्ष सुरेंद्र देसवाल ने बताया कि डीघल गांव की ब्रिगेडियर रण सिंह अकेडमी में एकदिवसीय जिला स्तरीय सीनियर कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस चैंपियनशिप में भाग लेने वाले लड़कों का वजन 85 किलोग्राम और लड़कियों का वजन 75 किलोग्राम होना चाहिए। प्रतियोगिता के दौरान चयनित टीम 27 और 28 अप्रैल को दादरी जिले के बाढ़डा में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी।

### तबीयत बिगड़ने से प्रवासी की मौत

**बहादुरगढ़।** उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक की बहादुरगढ़ में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। शव को बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। मृतक की पहचान मुकेश के रूप में हुई है। हरदोई जिले का रहने वाला था। यहां एक फैक्ट्री में काम करता था। बताया गया है कि रोजाना की तरह वीरवार की सुबह भी मुकेश ड्यूटी पर गया था। यहां अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। कर्मचारियों ने उसे संभाला और उसे अस्पताल में लेकर गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### स्कूल के बाहर से स्कूटी चोरी

**बहादुरगढ़।** शहर में रोहतक-दिल्ली रोड स्थित एक स्कूल के बाहर से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी हो गई। वाहन मालिक ने पुलिस को शिकायत दे दी है। छोटूराम पार्क की निवासी पिंकी ने कहा कि कुछ दिन पहले वह सुबह स्कूल में आई थी। स्कूटी बाहर गेट पर खड़ी कर दी। छुट्टी होने पर स्कूल से बाहर निकली तो स्कूटी नहीं मिली। अपने स्तर पर तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है।

### बैंक खाते से निकाले 1.70 लाख से अधिक रुपये

**झज्जर।** किरयाणा स्टोर संचालक के खाते से करीब एक लाख सत्तर हजार रुपये निकाले जाने का मामला सामने आया है। दुकान संचालक को जब पता चला तो पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस को दर्ज कराई शिकायत में शहर की प्रिया कालोनी निवासी मनोज गर्ग पुत्र महाबीर प्रसाद ने बताया कि उसने अपना एक करंट खाता शहर के एक बैंक में खुलवा रखा है।

## महिला विवि ने नेटवर्किंग कंपनी के साथ एमओयू हस्ताक्षर किया

# एमओयू नारी सशक्तिकरण के सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगाः वीसी

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस का फ्री प्रशिक्षण दिया जाएगा

अंतरराष्ट्रीय एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। कंपनी के साथ एमओयू साइन करते महिला विवि की कुलपति प्रो. सुदेश। फोटो : हरिभूमि

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां और प्रतिष्ठित नेटवर्किंग कंपनी सिस्को के बीच गुरुवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करके अंतरराष्ट्रीय एवं तकनीकी सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। इस एमओयू का उद्देश्य छात्राओं को नेटवर्किंग तकनीक, ऑपरेटिंग सॉफ्टवेयर ट्रेनिंग के साथ-साथ नेटवर्किंग एवं प्रोग्रामिंग स्किल्स को बढ़ावा देना है। कुलपति कार्यालय के कांफ्रेंस कक्ष में आयोजित समारोह में दोनों संस्थानों के प्रतिनिधियों ने इस साझेदारी को औपचारिक रूप दिया।कुलपति प्रो. सुदेश के मार्गदर्शन में महिला विश्वविद्यालय की कुलसचिव डॉ. नीलम मलिक तथा सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि यह एमओयू बीपीएसएमवी और सिस्को के बीच सहयोग और तकनीक साझा करने की यात्रा की शुरूआत है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह साझेदारी छात्राओं, शिक्षकों व शोधकर्ताओं के लिए मूल्यवान अवसर पैदा करेगी। कुलपति प्रो. सुदेश ने कहा कि ये एमओयू नारी सशक्तिकरण के विश्वविद्यालय के मूल सिद्धांत को आगे ले जाने में सहायक सिद्ध होगा। कार्यक्रम में सिस्को के इंडिया लीड इशविंदर सिंह ने तकनीकी उत्कृष्टता और छात्राओं के लिए रोजगार अवसरों को बढ़ावा देने में इस एमओयू को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि सिस्को द्वारा एनआईआईटी फाउंडेशन के सहयोग से बीपीएस महिला विश्वविद्यालय के संकाय सदस्यों एवं छात्राओं के अलावा तकनीकी स्टाफ के लिए साइबर स्मार्ट कोर्स कराया जाएगा। साथ ही छात्राओं को अंतरराष्ट्रीय मानकों के तहत लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डेटा साइंस का फ्री प्रशिक्षण दिया जाएगा।

**ये रहे मौजूद**

डीन प्रो. विजय नेहरा, डॉ. सोनल, प्राचार्या किरण जिंदल, डॉ. विनोद सरोहा सहित अन्य प्राध्यापक उपस्थित रहे। सिस्को एवं एनआईआईटी की ओर से अखिलेश, तरुण शर्मा एवं आरिफ अहमद भी हस्ताक्षर समारोह में शामिल हुए।

## आकाशदीप ने बढ़ाया क्षेत्र का मान : माईराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर


गन्नौर। भाजपा नेता माईराम कौशिक व गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा आकाशदीप को पुष्पगुच्छ देकर बधाई देते हुए। फोटो :हरिभूमि

भाजपा नेता माईराम कौशिक व गन्नौर विधानसभा संयोजक आजाद सिंह नेहरा ने यूपीएससी में 166वां रैंक प्राप्त करने वाले गन्नौर के शास्त्री नगर निवासी आकाशदीप व उनके परिजनों से भेंट कर कहा कि आकाशदीप ने शानदार उपलब्धि प्राप्त कर सोनीपत जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने आकाशदीप की कामयाबी का श्रेय आकाशदीप के पिता व अन्य परिजनों को दिया।

इस अवसर पर सुबोध शर्मा, भगतसिंह, मनदीप सिंह आदि मौजूद थे। ज्ञात रहे कि आकाशदीप ने 5वें प्रयास में सफलता हासिल की है। आकाशदीप की 10वीं, 12वीं की पढ़ाई शहर के राजकीय माडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में हुई। आकाशदीप ने मंडी हिमाचल प्रदेश से आईआईटी से बी टेक की। जिसके बाद आकाशदीप की भारत पैट्रोलियम में बतौर आप्रेशन आफिसर नियुक्ति हुई, लेकिन 4 महीने के बाद स्वेच्छा से नौकरी छोड़ दी और संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी में लग गया था।


गन्नौर। एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र राजपूत रक्तदाताओं का हौसल्ला बढ़ाते हुए। फोटो :हरिभूमि

### शिविर में 65 से अधिक लोगों ने किया रक्तदान

गन्नौर। एसआरके स्कूल सेंटर के छात्रों ने आईटीएम कॉलेज मुरथल में लगे रक्तदान शिविर में बढ़-चढ़कर भाग लिया। संस्थान के विद्यार्थी अनिल कुमार ने रक्तदान करके रक्तदान महादान का नारा लगा दिया। कैंप में लगभग 65 से अधिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। इस मौके पर एसआरके स्किल सेंटर के संचालक जोगेंद्र राजपूत, आईटीएम कॉलेज के अध्यक्ष सुषमा बजाज बच्चों को प्रशंसा पत्र देकर बच्चों का हौसला बढ़ाया। जोगेन्द्र ने बताया कि ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन रोटरी सोनीपत सिटी ब्लड सेंटर द्वारा किया गया था। उन्होंने कहा कि रक्तदान महादान है, इसलिए हमें समय- समय पर रकतदान करते रहना चाहिए।

### गांव बरोदा में ग्रामीणों को मतदान के लिए किया जागरूक

**गोहाना।** एसडीएम एवं बरोदा विधानसभा के सहायक रिटर्निंग अधिकारी विवेक आर्य के निर्देश पर गुरुवार को गांव बरोदा में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों को मतदान करने व लोकतंत्र की मजबूती के इसके योगदान की जानकारी दी गई। समारोह में सौ वर्ष की आयु पूरी कर चुके मतदाताओं को सम्मानित भी किया गया। विद्यालय में स्वीप एक्टीविटी के तहत ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। सुपरवाइजर सुमित कुमार ने कहा कि लोकतिंत्र की मजबूती के लिए मतदान बहुत ही आवश्यक है। हर मतदाता को चुनाव में मतदान करके लोकतंत्र को मजबूत बनाने की दिशा में सहभागी बनना चाहिए। इस अवसर पर बीएलओ भी उपस्थित रहे।

## तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि दी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। तात्या टोपे के चित्र पर पुष्प अर्पित करते नागरिक। फोटो : हरिभूमि

गुरुवार को पुरानी सब्जी मंडी के समीप स्थित चंद्रशेखर आजाद पार्क में तात्या टोपे के बलिदान दिवस पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। समारोह में नागरिकों ने तात्या टोपे के चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि देकर नमन किया। समारोह की अध्यक्षता आजाद हिंद देशभक्त मोर्चा के संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने की।

मुख्य वक्ता पार्क सुधार सभा के पूर्व अध्यक्ष मास्टर रमेश मेहता ने कहा कि तात्या टोपे ने 1859 की क्रांति का बिगुल था। 1859 में देश में आजादी की अलख जगाने वाले तात्या टोपे को 1857 की आजादी की पहली क्रांति में निर्णायक भूमिका निभाने पर फांसी दी गई थी। तात्या टोपे ने 1857 के विद्रोह में क्रांतिकारीयो का नेतृत्व किया था और अपनी गोरिल्ला रणनीति के लिए जाने गए। उनके पराक्रम से अंग्रेज भयभीत हो गए और ग्वालियर पर कब्जा करने के लिए उन्होंने जनरल विंड हैम को ग्वालियर छोड़ने के लिए मजबूर कर दिया। मुख्य संरक्षक आजाद सिंह दांगी ने कहा कि तात्या टोपे एक ऐसे योद्धा थे जिन्हें प्रथम स्वतंत्रता संग्राम शुरू करने का श्रेय दिया जाता है। तात्या टोपे ने भारतीय उपमहाद्वीप में ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी थी। ब्रिटिश हुकूमत द्वारा 18 अप्रैल 1859 को उन्हें शिवपुरी में फांसी दे दी गई थी। श्रद्धांजलि समारोह में नितिन कालड़ा, पवन छाबड़ा, कृष्ण झंडई, सुभाष तनेजा, अजय पौड़िया, हर भगवान वसूजा व सुरेंद्र सेठी मौजूद रहे।

### मुख्यमंत्री से मुलाकात कर समस्या अवगत कराने का लिया निर्णय

गन्नौर। हरियाणा मास्टर वर्ग एसोसिएशन राज्य कार्यकारिणी की बैठक ऑनलाइन हुई। जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र यादव ने की। राज्य के प्रधान अनंत पाल नैन व समस्त कार्यकारिणी तथा सभी जिलों के प्रधान व महासचिवों ने भाग लिया। प्रांतीय सलाहकार भगवान सिंह सौरोत ने कहा कि मीटिंग का मुख्य मुद्दा टीजीटी और मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक की कंबाइंड सीनियरिटी लिस्ट बना करके सी एंड वी को टेल पर लगाने की बात कही गई, जिसमें पता चला कि विभाग के कुछ अधिकारी नियमों को ताक पर रख रहे हैं। इनके खिलाफ शिक्षा मंत्री और राज्य के मुख्यमंत्री को पत्र लिखा जाएगा। मौलिक स्कूल मुख्याध्यापक व टीजीटी के साथ सरासर अन्याय कर रहे हैं जो कि नियम के विरुद्ध है। हमारी यूनियन लंबे समय से टीजीटी व एलिमेंट्री स्कूल हेडमास्टर की मांगों के हेतु संघर्ष करता रहा है।

## यूपीएसई परीक्षा में 752वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी का सम्मान

### शाश्वत चेतना स्कूल के स्टाफ ने किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर


निशु को सम्मानित करती स्कूल प्रबंधक दर्शन शर्मा व प्राचार्या डिंपल व स्कूल स्टाफ।

यूपीएसई परीक्षा में 752वां रैंक हासिल करने वाली निशु त्यागी का शाश्वत चेतना स्कूल के स्टाफ ने सम्मानित किया। इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक दर्शन शर्मा व प्राचार्या डिंपल, उपप्राचार्य सिद्धार्थ शर्मा, डा. प्रीति शर्मा, प्रज्ञाश्री, विकास वर्मा, सत्यवान, अखीला शर्मा ने निशु त्यागी को आशीर्वाद व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। स्कूल प्रबंधक दर्शन शर्मा व प्राचार्या डिंपल शर्मा ने कहा कि निशु त्यागी स्कूल की होनहार छात्रा रही। निशु त्यागी स्कूल की हर तरह की गतिविधियों व प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर उच्च स्थान प्राप्त करती थी। स्कूल को निशु त्यागी पर भरोसा था कि वह एक दिन अपने माता-पिता व स्कूल का नाम रोशन करेगी। विद्यालय को अपनी इस होनहार छात्रा पर गर्व है। दूसरे छात्रों को भी निशु त्यागी से प्रेरणा लेनी चाहिए और अपने माता-पिता के सानिध्य में अपने सपने पूरे करने का प्रयत्न करते हुए बड़े अधिकारी बन कर देश की सेवा करनी चाहिए।

## निबंध प्रतियोगिता में सुजिता बनी विजेता


खरखौदा। प्रतियोगिता के प्रतिभागी विद्यार्थी शिक्षकों के साथ। फोटो :हरिभूमि

**खरखौदा।** लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए स्वीप के तहत शहीद दलबीर सिंह राजकीय कालेज पिपली में मेरा वोट : अधिकार भी, कर्तव्य भी विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें छात्रों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने वोट का सही ढंग से प्रयोग करने का संकल्प लिया।महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्या किरण सरोहा ने विद्यार्थियों को अपने संदेश में बताया कि किस प्रकार वे अपने मत का उचित प्रयोग करके देश का भविष्य बदल सकते हैं तथा देश को विकास के मार्ग पर ले जा सकते हैं। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. रजनीश कुमारी, डॉ. बीना रानी व डॉ. मनदीप कुमारी ने निभाई। प्रतियोगिता में सुजिता बीए प्रथम वर्ष ने प्रथम, अर्जुन बीए द्वितीय वर्ष ने द्वितीय तथा महक बीए प्रथम वर्ष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### ट्रेन के सामने युवक ने छलांग लगा जान दी

**बहादुरगढ़।** रोजगार न मिलने से परेशान उत्तर प्रदेश मूल के एक युवक ने बहादुरगढ़ में आत्म हत्या कर ली। उसने जाखोदा गांव के पास ट्रेन के सामने छलांग लगा दी। मौके पर ही उसकी जान चली गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम करा शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में 174 के तहत कार्रवाई की गई है।

मृतक की पहचान उपेंद्र के रूप में हुई है। उपेंद्र मूलतः यूपी से था और यहां जाखोदा में रहता था। जानकारी के अनुसार, बुधवार की सुबह वह घर से निकला था लेकिन वापस नहीं आया। इस दौरान उसका शव जाखोदा के निकट रेलवे ट्रैक पर पाया गया। किसी ने यह सूचना दी तो जीआरपी बहादुरगढ़ की टीम मौके पर पहुंची और शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया। एक तरफ पुलिस पहचान के प्रयास कर रही थी तो दूसरी तरफ परिजन उपेंद्र को तलाश रहे थे।

## मोनोलॉग प्रतियोगिता में नैंसी प्रथम

- सभी विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| खरखौदा


खरखौदा। विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित करते हुए।

कन्या महाविद्याल में लीगल लिटरेसी सेल और ड्रामा क्लब इंचार्ज डॉ सारिका के नेतृत्व में मोनोलॉग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय की 12 छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्राओं ने विभिन्न विषयों पर मनोरंजक रूप से प्रस्तुति देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। घोषित परिणाम के अनुसार बीए तृतीय वर्ष की छात्रा नैंसी ने प्रथम, कुसुम लता, गीता ने द्वितीय व भूमिका और अंजली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। समिति और मुस्कान ने सांत्वना स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर कार्यकारी प्राचार्या डॉ. दर्शना ने छात्राओं को प्रेरित करते हुए कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं से छात्राओं का मनोबल व संवाद अदायगी बढ़ती है। जिसके पास संवाद कौशल है, वे कहीं पर भी अपनी बात सही तरीके से दूसरों के सामने रख सकते हैं। इस कार्यक्रम में डॉ. सीमांत और डॉ. प्रमिला ने निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी विजेता छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम** | लिटल एंजल्स स्कूल में नये जूनियर विद्यार्थी परिषद का गठन

# सुरभि हाउस की कप्तान यशी,सहायक कप्तान का कार्यभार दर्शिता को सौंपा

जूनियर मुख्य छात्र हर्षित और जूनियर मुख्य छात्रा एशानी को पदभार सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत


सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों के साथ विद्यालय स्टाफ। फोटो : हरिभूमि

लिटल एंजल्स स्कूल में नये जूनियर विद्यार्थी परिषद का गठन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल, उपप्रधानाचार्या गीता अरोड़ा व अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

समारोह में प्रधानाचार्या आशा गोयल ने जूनियर मुख्य छात्र हर्षित और जूनियर मुख्य छात्रा एशानी को पदभार सौंपा। विद्यालय के लावण्या, आस्था, सामर्थ्य, सिद्धांत, स्पर्धा व सुरभि हाउस के सभी नए कप्तान व सहायक कप्तान चुने गए। लावण्या हाऊस का कप्तान दैविक व सहायक कप्तान शनाया, आस्था हाऊस की कप्तान युक्ति व सहायक कप्तान दिव्यांश, सामर्थ्य हाऊस का कप्तान विराज व सहायक कप्तान दक्ष, सिद्धांत हाऊस की कप्तान मोक्षिता व सहायक कप्तान विश्वजीत, स्पर्धा हाऊस की कप्तान प्रणिका व सहायक कप्तान समायरा, सुरभि हाऊस की कप्तान यशी व सहायक कप्तान दर्शिता को कार्यभार सौंपा गया और सार्थक को स्पोर्टस कप्तान व सहायक कप्तान अद्वय को कार्यभार सौंपा।

### छात्रों को शपथ दिलवाई

कार्यरत विद्यार्थी परिषद ने नए चयनित छात्रों को शपथ दिलवाई तथा नए विद्यार्थी परिषद् को कैप, सैशे व बैजिस देकर कार्यभार सौंपा। कार्यक्रम का शुभारंभ ध्वजारोहण से हुआ। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्कूल का गीत गाया।

## मानव श्रृंखला बनाकर मतदान करने के लिए किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना


गोहाना। विद्यार्थी मानव श्रृंखला से मतदान जागरूकता संदेश देते विद्यार्थी।

कथूरा खंड के खंड शिक्षा अधिकारी जितेंद्र गौड़ के मार्गदर्शन में गुरुवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपरा में ( 33-बरोदा ) लोकसभा चुनाव 2024 स्वीप एक्टिविटी के तहत मतदाता शिक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला से वोट की आकृति बनाकर मतदान जागरूकता संदेश्या दिया। कथूरा खंड के स्वीप एक्टिविटी के नोडल अधिकारी सतनारायण वशिष्ठ के अनुसार मतदान जागरूकता के लिए स्वीप क्टिविटी अभियान शुरू किया गया है। अभियान में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को सौ प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपरा में प्राचार्य सुरेंद्र ढाका की अध्यक्षता व कला अध्यापक जसमेर के नेतृत्व में छात्रों ने मानव श्रृंखला बनाकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया गया। अनिल, अशोक, दिनेश, सुमन, ज्योति एवं समस्त छात्रगण मौजूद रहे।

### साइबर थाना पुलिस ने किया गिरोह का पर्दाफाश, डिजीटल तरीके से ठगते थे

# चार साइबर ठग गिरफ्तार, चार फोन चार सिम व 10 हजार रुपये बरामद

गिरफ्तार आरोपित खुद को पुलिस और आयकर अधिकारी बताकर लोगों से ठगी करते थे।




■ पुलिस ने आरोपितों को कोर्ट में पेश किया, जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

थाना साइबर सोनीपत पुलिस ने ऑनलाइन तरीके से लोगों के साथ ठगी करने के चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित खुद को पुलिस व आयकर अधिकारी बताकर ठगी करते थे। गिरफ्तार आरोपितों को पुलिस ने अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

सेक्टर-12 निवासी सुदीप ने 6 मार्च को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि उसके पास 5 मार्च को रात रीब 9.18 बजे कॉल आई। कॉलर ने खुद को डिलीवरी कर्मचारी के रुप में गवाही देने के लिए कहा। उसे बताया कि उसके आधार कार्ड पर एक पार्सल है। जिसमें अवैध वस्तुएं है। जोकि मुंबई में जब्त की गई। उसने पार्सल के बारे में अवगत करवाया। उसके बाद मुंबई से सीधे साइबर पुलिस हेल्पलाइन से जोड़ा, उसके बाद गार्ड नंबर का दुरूपयोग करने की शिकायत दी। उसके बाद कॉल कट गई। कुछ देर बाद दोबारा से कॉल आई। उसने कहा कि वह साइबर सेल मुंबई से है उन्होंने मुझे ऑनलाइन ऑडियो और वीडियो कॉल के लिए स्काइप से कनेक्ट करने के लिए कहा। मैंने उस पर विश्वास किया और स्काइप पर स्काइप आईडी से उसके साथ ऑडियो और वीडियो कॉल कनेक्ट की। पूरे समय वे केवल ऑडियो पर थे और जब उसने अपना वीडियो बंद किया, तो मुझसे बार-बार अपना वीडियो चालू करने के लिए कहते है। उन्होंने मुझे बताया कि आपके आधार कार्ड से छेड़छाड़ की गई है और आपके मुंबई में तीन और खाते हैं, इसलिए आप पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला होने वाला है। मैंने उनसे कहा कि मैं अपने पूरे जीवन में कभी मुंबई नहीं गया। फिर उन्होंने मुझे कानूनों के कुछ लिखित लेख और वहां कार्यालय आईडी की तस्वीर के साथ एक नकली दस्तावेज फाइल दी। प्रकाश कुमार गुंटू और डीसीपी बालसिंह राजपूत के नाम के साथ और मुझे अपना बैंक बैलेंस विवरण देने और इस मामले की एफआईआर में मुझे रिहा करने के लिए मजबूर किया। विवरण प्रदान करने के बाद, धोखेबाजों ने मुझसे रुपये की राशि स्थानांतरित करने के लिए कहा। केवल बैंक शाखा में जाकर केवल आरटीजीएस चेक के माध्यम से। उन्होंने खुद को सरकारी बताकर मुझे ब्लैकमेल किया और परेशान किया। अधिकारियों ने मुझसे कहा कि अगर तुम हमारे निदेर्शों का पालन नहीं करोगे तो हम तुम्हें गिरफ्तार कर लेंगे और इसलिए मुझे जाने के लिए मजबूर होना पड़ा। मैं निर्दोष हूं और मुझे नहीं पता था कि उस वक्त क्या करना चाहिए और मैं डरी हुई भी थी

इसलिए, मैं उनके जाल में फंस गया और बैंक जाकर अपने खाता नंबर से लेनदेन कर दिया। उसने अलग-अलग नंबरों से रुपये भेज दिए।

**1930 से साइबर शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई**

फिर 1930 के माध्यम से साइबर शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराई, वहां से मुझे मेरी शिकायत पावती संख्या 31303240013419 मिली। घटना के बाद मुझे पता चला कि जिस खाते में मुझे धमकी देकर और मजबूर करके मेरे पैसे ट्रांसफर किए गए हैं, वह जाली और नकली दस्तावेजों द्वारा तैयार किया गया है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर लिया था। मामले में कार्रवाई करते हुए थाना प्रबंधक बसंत कुमार की टीम ने वारदात में शामिल चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चार मोबाइल फोन, चार सिम, दस हजार रुपये की राशि बरामद की है। रिकार्ड के मुताबिक पूरे देश में 90 शिकायते आरोपितों के खिलाफ दर्ज होना पाई गई है। आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



सोनीपत। अभिमन्यु मलिक को मिठाई खिलाते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा। *फोटो : हरिभूमि*

### यूपीएससी में 60वां रैंक मिला

# अभिमन्यु मलिक को मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री ने दी बधाई

■ भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने फोन से करवाई मुख्यमंत्री व पूर्व सीएम की बातचीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

अखिल भारतीय प्रशासनिक सेवाओं (यूपीएससी) में 60वां रैंक हासिल करने वाले माहरा गांव के होनहार युवक अभिमन्यु मलिक को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने विशेष रूप से बधाइयां दी हैं। भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा ने अभिमन्यु के आवास पर पहुंचकर अपने मोबाईल से उनकी मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री से बातचीत करवाई। भाजपा के जिलाध्यक्ष जसबीर दोदवा विशेष रूप से अभिमन्यु मलिक को बधाई देने के लिए उनके आवास पर पहुंचे, जहां उन्होंने यूपीएससी में चयनित अभिमन्यु को मिठाई खिलाते हुए बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्री का बधाई संदेश देते हुए उनकी मोबाईल पर अभिमन्यु से बात करवाई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बधाई देते हुए कहा कि यह पूरे प्रदेश के लिए गौरव की बात है। हरियाणा के युवा हर क्षेत्र में खुद को साबित कर रहे हैं। यूपीएससी में इतनी अच्छी रैंक हासिल करने बहुत बड़ी उपलब्धि है। अभिमन्यु ने प्रदेश के युवाओं के लिए उदाहरण बनने का काम किया है, जिन्हें प्रेरणास्त्रोत बनाकर हमारे युवा आसमान की बुलंदियों को छूने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। मुख्यमंत्री ने अभिमन्यु के माता-पिता तथा अन्य परिजनों को भी बधाई दी कि उनके पुत्र ने देशभर में नाम रोशन किया है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने अभिमन्यु को बधाई देते हुए उनकी इच्छा जानने का प्रयास किया कि वे किस क्षेत्र में सेवाएं देना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने अभिमन्यु को अपने प्रदेश की सेवा के लिए प्रोत्साहित किया।

### विभिन्न एजेंसियां कर रहीं खरीद

# 1,29,717 मीट्रिक टन गेहूं की हो चुकी खरीद



■ गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिले की विभिन्न मंडियों व खरीद केंद्रों में बुधवार रात तक 129717 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हो चुकी है। गेहूं को विभिन्न एजेंसियों द्वारा खरीद लिया गया है। जिले की विभिन्न मंडियों में पहुंचे 129717 मीट्रिक गेहूं में से खाद्य एवं आपूर्ति विभाग द्वारा 49558 मीट्रिक टन, हैफेड द्वारा 53150 मीट्रिक टन, एचडब्ल्यूसी द्वारा 24613 तथा एफसीआई द्वारा की गई 2396 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। जिला की मंडियों में पहुंचे गेहूं में बरोदा खरीद केन्द्र पर 520 मीट्रिक टन, बिचपड़ी खरीद केन्द्र पर 120 मीट्रिक, दतौली खरीद केन्द्र पर 2352 मीट्रिक टन, फरमाणा खरीद केन्द्र पर 270 मीट्रिक टन, गन्नौर अनाज मण्डी में 11493 मीट्रिक टन, गोहाना अनाज मण्डी में 50315 मीट्रिक टन, कासंडी खरीद केन्द्र पर 1500 मीट्रिक टन, कथूरा खरीद केन्द्र पर 580 मीट्रिक टन, खानपुर खरीद केन्द्र पर 1455 मीट्रिक टन, खरखौदा अनाज मण्डी में 20055 मीट्रिक टन, मुंडलाना खरीद केंद्र पर 1820 मीट्रिक टन, मुरथल खरीद केन्द्र पर 5349 मीट्रिक टन, नाहरा खरीद केन्द्र पर 2590 मीट्रिक टन, पुगथला खरीद केन्द्र पर 4916 मीट्रिक टन, पुरखास खरीद केन्द्र पर 2970 मीट्रिक टन, रूखी खरीद केन्द्र पर 2100 मीट्रिक टन, सनपेड़ा खरीद केन्द्र पर 4883 मीट्रिक टन, सोनीपत साईलो पर 2126 मीट्रिक टन तथा सोनीपत अनाज मण्डी में 14303 मीट्रिक टन गेहूं की आवक हुई है। उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने बताया कि 129717 मीट्रिक टन गेहूं को 8405 किसान लेकर आए हैं और गेहूं की खरीद 2275 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## रुपये लेकर फरार होने की वारदात में शामिल आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत।** राई थाना पुलिस ने रुपये लेकर फरार होने की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रदीप निवासी सहारनपुर हाल में जोहरीपुर यमुनानगर का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । जमालपुर भिवानी निवासी जयविंद्र ने गत 30 सिंतबर को पुलिस से शिकायत देकर बताया था कि 20 जुलाई 2023 को प्रदीप निवासी विश्वकर्मा कॉलोनी जगाधरी अपनी गाड़ी में बहादुरगढ़ को केमिकल लोड करके बिजनौर यूपी गया था। वहां से उसे गाड़ी खाली करने के बाद पार्टी की तरफ से तीन लाख 69 हजार 300 रुपये दिए। वह गाड़ी लेकर वहां से वापिस चला पड़ा, लेकिन गाड़ी लेकर पहुंचा नहीं। उसकी लोकेशन निकाली तो गाड़ी सोनीपत खड़ी मिली। गाड़ी के पास जाकर देखा तो गाड़ी में चालक नहीं मिला। चालक प्रदीप गाड़ी को खड़ी करके रुपये लेकर फरार हो गया। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। जांच अधिकारी सिपाही सुधीर की टीम ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से 30 हजार रुपये की राशि को बरामद कर लिया है। आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

■ कोर्ट ने न्यायिक हिरासत में जेल भेजा

# राधिका ने निबंध लेखन में जीता प्रथम पुरस्कार

■ कालेज लौटने पर राधिका का जोरदार स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जीवीएम गर्ल्ज कालेज की एनएसएस की छात्रा राधिका चौधरी ने इंटर कालेज ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। संस्था के प्रधान डा. ओपी परूथी व प्राचार्या डा. मंजुला स्पाह ने राधिका को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। जीवीएम की एनएसएस इकाई की कार्यक्रम अधिकारी रूचिका विरमानी ने बताया कि झज्जर स्थित स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस्ड स्टडिज इन टीचर एजुकेशन (एसआईएएसटीई) के तत्वावधान में इंटरनेशनल वूमन्स-डे के उपलक्ष्य में ऑनलाईन निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। मैन ऑब्जेक्टिफाइंग वूमः अ हिंड्रेंस इन वूमन एम्पवारमेंट थीम पर आयोजित इंटर स्टेट निबंध लेखन प्रतियोगिता में जीवीएम की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा राधिका ने सफल प्रदर्शन किया। कालेज लौटने पर प्राचार्या की अगुवाई में राधिका का स्वागत किया गया।



सोनीपत। छात्रा राधिका के साथ प्राचार्या एवं अन्य। *फोटो : हरिभूमि*

# आठ स्कूली वाहन जांचें नहीं मिली कोई खामी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सुरक्षित स्कूली वाहन नीति के तहत जिला परिवहन विभाग का जांच अभियान वीरवार को भी जारी रहा। वीरवार को सड़कों पर दौड़ने वाली करीब आठ स्कूली वाहनों की जांच की। जिनमें कोई खामी नहीं मिली। चालक भी वर्दी में नजर आए। बसों में अग्निशमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, सीसीटीवी दुरुस्त दिखाई दिए। सभी बसों में महिला सहायिका भी मिली। महेंद्रगढ़ हादसे के बाद सरकार, शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन ने सुरक्षित वाहन नीति की अवहेलना करने वाले निजी स्कूल संचालकों के खिलाफ सख्त कदम उठाए। जिसके तहत जिले में कई दिनों से शिक्षा विभाग वआरटीओ की टीमें लगातार मोटर वाहन अधिकारी (प्रवर्तन) गुरुप्रीत संधु के नेतृत्व में निजी स्कूलों की बसों की जांच कर रही हैं। अब तक करीब 40 से अधिक निजी स्कूल बसों का चालान किया जा चुका है। जबकि करीब 10 स्कूल वाहनों को जब्त किए थे, लेकिन वीरवार को स्थिति बदली हुई नजर आई।

**50 तक की स्पीड हो**

शिक्षा विभाग स्कूल बसों में सफर करने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा को लेकर लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इस कड़ी में अब निर्देश जारी किए हैं कि कोई भी स्कूल बस चालक खासकर शहर में 50 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से अधिक वाहन नहीं दौड़ा सकेंगे। निजी स्कूलों से शपथ पत्र भी जमा करवाने के निर्देश दिए गए हैं। शिक्षा विभाग ने निजी स्कूल संचालकों को सभी सरकारी अवकाशों पर स्कूल में अवकाश रखने के निर्देश दिए हैं।

**स्कूल बसों की जांच हो रही**

सुरक्षित वाहन नीति के तहत लगातार स्कूल बसों की जांच की जा रही है। वीरवार को अलग-अलग स्थानों पर आठ स्कूल वाहनों की जांच की गई। सभी वाहन सुरक्षा मानकों पर खरे पाए गए। अभियान लगातार जारी रहेगा।
-गुरप्रीत संधु, मोटर वाहन अधिकारी (प्रवर्तन), सोनीपत

# आचार संहिता से अटका सनपेड़ा रोड की रिपेयरिंग का कार्य, ग्रामीणों में रोष

**गन्नौर ।** सनपेड़ा रोड की रिपेयरिंग का कार्य आदर्श आचार संहिता की वजह से अटक गया है। जीटी रोड से रामनगर वाया सनपेड़ा सड़क मार्ग पर 3 करोड़ 30 लाख रुपये खर्च किए जाने है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़क की रिपेयरिंग का टेंडर भी लगा दिया गया था। टेंडर 28 मार्च को खोला जाना था, लेकिन आदर्श आचार संहिता लग जाने की वजह से टेंडर खोला नहीं जा सका। अब टेंडर आचार संहिता के हटने के बाद खोला जाएगा, जिसके बाद सड़कों की रिपेयरिंग का काम शुरू किया जाएगा। सड़क रिपेयरिंग का काम अटक जाने के कारण ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि जीटी रोड से लेकर गांव सनपेड़ा व रामनगर तक की करीब 6 किलोमीटर सड़क की हालत बहुत ही जर्जर है। कई जगह पर तो तीन-चार फुट गहरे गड्ढे हैं, जिस कारण सड़क मार्ग पर वाहन चालकों को वहां से गुजरने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सड़क इतनी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी है कि वाहनों को रेंग-रेंग कर चलना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड पर रामनगर तक करीब 70 से 80 फैक्ट्रियां लगी हुई है।



रिपेयरिंग न होने के कारण बुरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा सनपेड़ा रोड।

**रिपेयरिंग के टेंडर लगा रखे**

जिनमें सामान लाने व ले जाने में ट्रक चालकों को बहुत ही दिक्कत आ रही है। बरसात के मौसम में तो सड़क मार्ग पर बने गड्ढों में पानी भर जाता है। जिस कारण वहां से गुजरने पर कई वाहन चालक गिर कर चोटिल भी हो चुके हैं। ग्रामीणों ने बताया कि कई वर्षों से सड़क की हालत दयनीय है, सरकार द्वारा अब निर्माण की स्वीकृति दी गई तो आचार संहिता की वजह से काम अटक गया। यदि सरकार रिपेयरिंग के कार्य को जल्द स्वीकृत करती तो यह सड़क अब तक बन चुकी होती। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा सड़कों की स्पेशल रिपेयरिंग के टेंडर भी लगा रखे हैं। आचार संहिता की वजह से टेंडर नहीं खोले गए हैं। विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि आचार संहिता हटने के तुरंत बाद टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर काम शुरू करवाया जाए, ताकि लोगों को राहत मिले।

## अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग और डीएसटी भारत सरकार की योजनाओं पर व्याख्यान

**सोनीपत।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय प्रभाग पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव वार्ष्णेय ने दीनबंधु छोटु राम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.श्रीप्रकाश सिंह से मुलाकात की। कुलपति प्रो. सिंह ने पुष्पगुच्छ देकर डॉ. वार्ष्णेय का स्वागत किया। इससे पूर्व डॉ. वार्ष्णेय ने विश्वविद्यालय में व्याख्यान दिया। डीसीआरयूएसटी, मुरथल के रसायन विभाग द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक सहयोग और डीएसटी, भारत सरकार की योजनाओं का अवलोकन' विषय 3 अप्रैल बुधवार को व्याख्यान का आयोजन किया गया था। व्याख्यान में मुख्य वक्ता भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के अंतरराष्ट्रीय प्रभाग पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव वार्ष्णेय थे। इस कार्यक्रम में रसायन विज्ञान और भौतिकी विभागों के संकाय सदस्यों, शोध विद्वानों और अंतिम वर्ष के स्नातकोत्तर छात्रों ने भाग लिया। पूर्व सलाहकार डॉ. संजीव के वार्ष्णेय ने जटिल अवधारणाओं के माध्यम से वैज्ञानिक सहयोग की पेचीदगियों और डीएसटी की योजनाओं को स्पष्टता और सटीकता के साथ उजागर किया। उन्होंने वास्तविक दुनिया के उदाहरणों की व्याख्या द्वारा समाज, उद्योग और देश पर सहयोग और डीएसटी योजनाओं के परिवर्तनकारी प्रभाव को रेखांकित किया। छात्रों, प्रोफेसरों और संस्थानों के लिए सभी विदेशी अवसरों को स्पष्ट किया। व्याख्यान के दौरान प्रोफेसर सुमन लता, प्रोफेसर सतीश खासा, डॉ. हरिओम और अन्य संकाय सदस्य उपस्थित थे।




सोनीपत। डॉ. संजीव वार्ष्णेय का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत करते हुए कुलपति प्रो. श्रीप्रकाश सिंह।

### राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि पहुंचीं महिला विवि की वीसी

# सभी क्षेत्र में अव्वल हैं हमारी छात्राएं : डॉ. सुदेश

■ छात्र/छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर सबका मनमोहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में गुरूवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया, जिसकी शुरूआत भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डॉ. सुदेश ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्ज्वलित करते हुए की। वार्षिक समारोह में छात्र/छात्राओं ने सभी गतिविधियों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। छात्र/छात्राओं के द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें से मुख्य कार्यक्रम सरस्वती वंदना, गणेश वंदना, स्वागत गीत, हरियाणवी नृत्य, पंजाबी नृत्य, गुजराती नृत्य, राजस्थानी नृत्य, नाटक का भव्य मंचन किया। इस दौरान बीपीएस खानपुर कलां की कुलपति डॉ. सुदेश ने महिला सहशक्तिकरण को बढ़ावा देते हुए कहा कि आज हमारी छात्राएं सभी क्षेत्र में अव्वल है चाहे वो शिक्षा को हो या खेल का। यह इसलिए संभव हो पाया कि लोगों ने शिक्षा के प्रति अपनी सोच को बदला है। आज हर मा-बाप अपनी बेटियों को शिक्षित करने के लिए उनके साथ खड़े रहते हैं। समारोह में अपर निदेशक एवं प्रधानाचार्य अनिल सहरावत संबोधित करते हुए संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट द्वारा संस्थान की गतिविधियों तथा उपलब्धियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया। इस अवसर पर पूरे साल की कार्यकारिणी को मद्देनजर रखकर सर्वश्रेष्ठ विभाग का पुरस्कार इस वर्ष कम्प्यूटर इंजी0 विभाग को, प्रथम श्रेणी के पुरस्कार से तेजपाल रावत, द्वितीय श्रेणी के पुरस्कार से विकल्प एवं सत्यम तिवारी को संयुक्त रूप से, अतिथि प्राध्यापक के पुरस्कार से सोहन लाल को, एचकेआरएन डीईओ के पुरस्कार से गीताजंलि को, सेवादार सतेन्द्र तिवारी, सफाई कर्मचारी व माली अनिल को सम्मानित किया गया।



सोनीपत। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के स्टाफ को सम्मानित करतीं हुईं भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय की कुलपति डा. सुदेश। *फोटो : हरिभूमि*

**यह रहे मौजूद**

इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर इंडिया लीड सिसको से इश्विन्द्र, राष्ट्रीय प्रमुख अखिलेश शर्मा, वरिष्ठ प्रबंधक तरूण शर्मा, जीएम राजकृष्ण भारद्वाज, प्रतीक शर्मा, डा. प्रवीण, सुमन, टीपीओ सुपर्णा रावत, विभागाध्यक्ष तेजपाल रावत, प्रवेश सागंवान, पंकज मलिक, सुनील कुमार, राजीव वर्मा, कर्मशाला अधीक्षक दिनेश सिंह मोर, वरिष्ठ प्राध्यापक किरण, कुलदीप गुलियां, विरेन्द्र संधू, प्रध्यापक हरिदास कटारिया, स्वीटी छिक्कारा, कमलेश, माधुरी, कुनाल व सभी प्राध्यापक एवं अतिथि प्राध्यापक उपस्थित रहे।